भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
05.02.2020 के
तारांकित प्रश्न सं. 50 का उत्तर

हेरिटेज स्टेशन

***50. श्री पी॰सी॰ गद्दीगौदरः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे का रेलवे स्टेशनों, विशेषकर हेरिटेज स्टेशनों को पुनरूद्धार करने, आधुनिक बनाने और उनका सौंदर्यीकरण करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ स्टेशन-वार एवं मंडल-वार आवंटित राशि कितनी है; और

(ग) उक्त परियोजना को आरंभ और पूरा किये जाने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

हेरिटेज स्टेशन के संबंध में 05.02.2020 को लोक सभा में श्री पी.सी. गद्दीगौदर के तारांकित प्रश्न संख्या 50 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग) : जी हां। विभिन्न स्थानों पर धरोहर महत्व वाले रेलवे स्टेशनों, पुलों, रेल लाइनों और भवनों को चिह्नित किया गया है और क्षेत्रीय रेलों के परामर्श से इन्हें धरोहर संरचना के रूप में घोषित किया गया है। इन संरचनाओं को संरक्षित एवं अनुरक्षित रखने के लिए अनुदेश जारी किए गए हैं। क्षेत्रीय रेलों पर, इन संरचनाओं के संरक्षण और अनुरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों वाली धरोहर समितियां गठित की गई हैं, जो एक सतत प्रक्रिया है।

धरोहर स्टेशन भवनों के पुनरूद्धार, संरक्षण एवं अनुरक्षण से संबंधित कार्यों की स्वीकृति का विवरण संलग्न है।

विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के तहत स्टेशनों का पुनरूद्धार/आधुनिकीकरण/सौंदर्यीकरण किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। इस समय, स्टेशनों के अपग्रेडेशन का कार्य 'आदर्श' स्टेशन योजना के तहत किया जाता है। अभी तक 1253 स्टेशनों को 'आदर्श' स्टेशन योजना के तहत अपग्रेडेशन हेतु चिह्नित किया गया है। इनमें से 1172 स्टेशनों को पहले ही विकसित किया जा चुका है।

अन्य बातों के साथ-साथ, स्टेशन की संबंधित श्रेणी के अनुसार, रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न यात्री सुविधाओं जिनमें स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार, विश्राम कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, महिलाओं के लिए अलग प्रतीक्षा कक्ष, परिचलन क्षेत्र के भूनिर्माण, निर्धारित पार्किंग, संकेतकों, पे एंड यूज शौचालयों, ऊपरी पैदल पुल, स्टेशन में प्रवेश स्थान पर रैंप आदि मुहैया कराने का प्रस्ताव है, जिन्हें इस योजना के तहत विकसित करने के लिए चिह्नित किया गया है।

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण/अपग्रेडेशन/संवर्धन के कार्यों पर आबंटन/व्यय को सामान्यतः योजना शीर्ष-53 'यात्री सुविधाएं' के तहत वित्तपोषित किया जाता है। पिछले दो(2) वर्षों और मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना शीर्ष के तहत व्यय, क्रमशः 1287 करोड़, 1586 करोड़ और 1595 करोड़ (दिसम्बर 2019 तक) है।

****

हेरिटेज स्टेशनों के संबंध में 05.02.2020 को लोक सभा में श्री पी.सी. गद्दीगौदर के तारांकित प्रश्न संख्या 50 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

कार्यों की सूची - धरोहर स्टेशन भवन

क्र. सं.	रेलवे	मंडल	कार्य का लघु नाम	स्वीकृति का वर्ष	कार्य की राशि (हजार रू. में)	पूरा होने की तिथि
1	म.रे.	मुंबई	छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (धरोहर भवन) - विभिन्न स्थानों पर लकड़ी की बीम/छतों, चौखटों/कपाटों और फर्श आदि को बदलना	2018-2019	461756	31.03.2021
2	उ.रे.	अंबाला	अंबाला मंडल पर कालका में धरोहर संग्रहालय के विकास सहित कालका-शिमला धरोहर खंड के उत्थान के साथ विविध कार्य	2017-2018	24000	पूरा कर लिया गया
3	प.रे.	मुंबई	बांद्रा - ग्रेड-I धरोहर संरचना के रूप में स्टेशन का संरक्षण और पुनरूद्धार	2017-2018	126297	31.12.2021

मरे - मध्य रेलवे
उरे - उत्तर रेलवे
परे - पश्चिम रेलवे

******